# छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया

छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी,
अपने चरणों का दे दो सहारा मुझे,
मेरी नैया किनारे पे लग जाएगी,
छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी॥

मेरी प्यारी मैया ये अर्ज़ी है मेरी,
अपने दर का भिखारी बना लिजिए
एक नज़र मेरी मात जो मुझपे करो,
मौत भी सामने आके टल जाएगी,
छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी.......

मैं पतितों से पतित अवगुणों से भरा,
आपका ही है केवल मुझे आसरा,
नाम का ज़ाम भर के पिला दीजिए,
जिंदगी इस अधम की संवर जाएगी
छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी........

लाख अवगुण किए फिर जो आया शरण,
उसकी बिगड़ी संवारी मैया आपने,
दूर चरणों से मुझको को ना दाती करो,
एक इशारे से नैया संभल जाएगी,
छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी,
अपने चरणों का दे दो सहारा मुझे,
मेरी नैया किनारे पे लग जाएगी
छोड़ दोगी मुझे मेरी प्यारी मैया,
मेरी नैया भवंर में फंस जाएगी........

https://visualasterisk.com/bhajan/lyrics/id/24472/title/chorh-dogi-mujhe-meri-pyari-mayia

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |